भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-957**
उत्तर देने की तारीख-02/12/2024

**छत्तीसगढ़ के नए जिलों में केन्द्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना**

**957. श्री संतोष पांडेय:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का नए सृजित जिलों में केन्द्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना का कोई प्रस्ताव है;
(ख) क्या सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में राजनंदगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिलों में केन्द्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय स्थापित करने के लिए कोई कार्रवाई की जा रही है; और
(ग) यदि हां, तो इन विद्यालयों को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (ग): नए केंद्रीय विद्यालय (केवि) खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केवि पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करने हेतु मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केवि खोलने के प्रस्तावों को भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किया जाता है जिसमें मानदंडों के अनुसार एक नया केवि स्थापित करने के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित अपेक्षित संसाधनों को उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता शामिल रहती है।

वर्तमान में, छत्तीसगढ़ राज्य में 36 केवि कार्य कर रहे हैं, जिसमें राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के खैरागढ़ में एक केवि भी शामिल है।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिलों में नए केवी खोलने का कोई प्रस्ताव संबंधित राज्य सरकार/जिला प्रशासन से प्राप्त नहीं हुआ है।

नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय (जनवि) खोलने की परिकल्पना की गई है। नए जवाहर नवोदय विद्यालय खोलना एक सतत प्रक्रिया है । नए जवाहर नवोदय विद्यालय खोलना संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की इच्छा पर निर्भर करती है कि वह स्थायी भवन के निर्माण के लिए आवश्यक उपयुक्त भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराए और स्थायी भवन के निर्माण तक स्कूल चलाने के लिए आवश्यक किराए से मुक्त, अस्थायी भवन, उपलब्ध कराए। नए जनवि की स्वीकृति और उन्हें खोलना मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन पर निर्भर करता है। दिनांक 31.05.2014 तक छत्तीसगढ़ के सभी 27 जिलों को नवोदय विद्यालय योजना के तहत कवर किया गया है और छत्तीसगढ़ राज्य में कुल 28 जवाहर नवोदय विद्यालय (जनवि) कार्यरत हैं, जिनमें सुकमा जिले (एसटी केंद्रित) में दूसरा जनवि भी शामिल है।

*****